मंगलवार
2, जून , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर



वर्ष 2, अंक 113 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार www.apnanalanda.com

## 1151 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा से गूंजा दहपर

# जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय प्रखंड के दहपर गांव में रविवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर 1151 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली। महिलाओं की लंबी कतार, धार्मिक ध्वज, भजन-कीर्तन और जय श्रीराम तथा राधे-राधे के गगनभेदी जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कलश यात्रा को देखने के लिए रास्ते भर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

आयोजन समिति के संयोजक अरविंद कुमार सिन्हा ने बताया कि दहपर हाई स्कूल मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर यह विशाल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा माता शीतला मंदिर, मगरा से आरंभ हुई, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के साथ महिलाओं ने पवित्र जल भरा। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ यात्रा कथा स्थल तक पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए और पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा।

कथा महोत्सव में वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक एवं राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता परम पूज्य श्री श्याम शुभम जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को संस्कार, सदाचार और भक्ति से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा सुनने से मन को शांति मिलती है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से प्रतिदिन संध्या छह बजे कथा स्थल पर पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की।

कलश यात्रा के समापन के बाद आयोजन



समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शरबत और फल-प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई। समिति के सदस्यों ने आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा उन्हें प्रसाद वितरित किया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवक लगातार सक्रिय रहे।आयोजक अरविंद कुमार सिन्हा ने बताया कि यह महोत्सव सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आगामी सात दिनों तक श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करेंगे और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का श्रवण करेंगे। कथा के माध्यम से लोगों को धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर कथा के पुजारी प्रवीण कुमार, नम्रता कुमारी, रंजू सिन्हा, अमाया सिन्हा, अंजलि कुमारी, सिंटू कुमार, जदयू नेता तनु सिंह, चंद्रशेखर कुमार, बबलू कुमार, अमन कुमार, नीतीश कुमार, लड्डू प्रसाद, पिंटू कुमार सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति के सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य लगातार तैयारियों में जुटे हुए हैं। कथा महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।



# नालंदा में विशेष चापाकल मरम्मत अभियान दो जून से शुरू




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में बढ़ती गर्मी और पेयजल संकट की आशंका को देखते हुए जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में खराब चापाकलों की मरम्मत एवं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा में बताया गया कि पीएचईडी बिहारशरीफ प्रमंडल के अंतर्गत 14,297 चापाकल स्थापित हैं, जिनमें 1,434 आंशिक रूप से खराब और 113 पूर्णतः खराब पाए गए हैं। इनमें से 829 चापाकलों की मरम्मत की जा चुकी है। वहीं हिलसा प्रमंडल के अंतर्गत 9,624 चापाकल हैं, जिनमें 1,444 आंशिक रूप से खराब तथा 212 पूर्णतः खराब चिह्नित किए गए हैं। यहां 902 चापाकलों की मरम्मत पूरी हो चुकी है।जिला पदाधिकारी ने दोनों प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि 2 जून से जिलेभर में "विशेष चापाकलमरम्मत अभियान" चलाकर 15 जून तक सभी खराब चापाकलों की मरम्मत सुनिश्चित करें। साथ ही पूर्णतः खराब चापाकलों को उखाड़कर सुरक्षित भंडारण करने का भी निर्देश दिया गया।

उन्होंने सभी पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर वार्डवार सर्वे कराने तथा विकास मित्र, पंचायत कर्मी और कार्यपालक सहायकों के माध्यम से खराब चापाकलों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। बड़े प्रखंडों में पांच-पांच और अन्य प्रखंडों में तीन-तीन मरम्मत दल तैनात किए जाएंगे।

पेयजल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए पीएचईडी का टोल फ्री नंबर 18001231121 तथा बिहारशरीफ और हिलसा प्रमंडल के नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय रहेंगे। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी एवं पीएचईडी के अधिकारी उपस्थित थे।

# बेन लूटकांड का खुलासा, सात अपराधी धराए, तीन टेम्पो बरामद



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना क्षेत्र के दाहाघाट स्थित पैक्स गोदाम के पास हुए सीएनजी टेम्पो लूटकांड का नालंदा पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से तीन लूटी गई सीएनजी टेम्पो, दो मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं।

जानकारी के अनुसार 23 मई को निरंजन कुमार ने बेन थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि 22 मई की रात कोल्हुआ-दाहाघाट मार्ग पर चार बदमाशों ने हथियार के बल पर उनकी सीएनजी टेम्पो और दो मोबाइल फोन लूट लिए थे। मामले में बेन थाना कांड संख्या 128/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर एवं हिलसा-2 के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी कर प्रभात रंजन, भूषण उर्फ भोला, राहुल कुमार, नितीश कुमार (बलुवा खंदा), नितीश कुमार (घिरा बिगहा), सचित कुमार समेत एक विधि विरुद्ध बालक को पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपितों ने लूट की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर बेन, छबिलापुर तथा खुदागंज थाना क्षेत्रों से संबंधित लूटी गई तीन सीएनजी टेम्पो और दो मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।इस कार्रवाई में डीआईयू, बेन, खुदागंज, छबिलापुर और परवलपुर थाना की संयुक्त टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शिक्षकों की समस्याओं पर संघ की बैठक, आंदोलन की चेतावनी



आर संतोष भारती

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ, नालंदा की जिला कार्यकारिणी एवं सभी प्रखंड कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक रविवार को प्राथमिक विद्यालय खरजम्मा, मघड़ा में जिलाध्यक्ष सूर्यकांत सिंह कांत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षकों के वेतन भुगतान, प्रोन्नति, सदस्यता अभियान तथा अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर आगे की रणनीति तय की गई।

बैठक में शिक्षकों ने वेतन भुगतान में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि एसएसए मद के शिक्षकों को दो माह में केवल एक माह का वेतन मिला है, जबकि जीओबी मद के शिक्षकों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। इसे विभागीय उदासीनता बताते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की गई।सदस्यता अभियान की समीक्षा में बताया गया कि बिहारशरीफ, नूरसराय, अस्थावां, चंडी, बिंद और कतरीसराय प्रखंडों में अभियान जारीहै। दिव्यांग शिक्षकों का परिवहन भत्ता बंद किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगने का निर्णय लिया गया। टीईटी परीक्षा की बाध्यता एवं कालबद्ध प्रोन्नति के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। संघ ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को राज्य स्तरीय बैठक में मंत्री के समक्ष रखा जाएगा। समाधान नहीं होने पर आंदोलन पर विचार किया जाएगा।

बैठक में शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर भी असंतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शशिप्रभा सिन्हा, जिला प्रभारी रीतेश कुमार, जिला कार्यालय सचिव अजीत कुमार, जिला संयोजक के.के. ब्रह्मचारी, जिला महासचिव नवल किशोर शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजीत कुमार, जिला उपसंयोजक अमित कुमार, जिला उपाध्यक्ष भूषण कुमार सहित विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# थरथरी डिग्री कॉलेज के लिए भतहर विद्यालय की हुई अनुशंसा



थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के संचालन को लेकर महत्वपूर्ण पहल की गई है। नालंदा के जिला पदाधिकारी ने उच्च शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र भेजकर डिग्री कॉलेज के लिए पूर्व में चयनित उच्च विद्यालय पमारा त्रिभुवन बिगहा के स्थान पर मध्य विद्यालय भतहर को संचालन केंद्र के रूप में चयनित करने का प्रस्ताव भेजा है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों की लंबे समय से मांग रही है कि डिग्री कॉलेज का संचालन ऐसे स्थान पर हो, जहां विद्यार्थियों को बेहतर पहुंच और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसी को ध्यान में रखते हुए मध्य विद्यालय भतहर की अनुशंसा की गई है। जिला प्रशासन ने उपलब्ध भवन, आधारभूत संरचना और अन्य संसाधनों का आकलन करने के बाद यह प्रस्ताव उच्च शिक्षा विभाग को भेजा है।प्रखंड जदयू अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सहित विनोद कुमार, प्रभात शंकर, जहेन्द्र यादव, अनिल कुमार, आनंद मोहन, डिम्पल सिंह, मनीष कुमार, अलखभाई पटेल, सन्नी कुमार, मनोज कुमार और अनुज कुमार ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि उच्च शिक्षा विभाग जल्द ही प्रस्ताव पर सकारात्मक निर्णय लेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि थरथरी में डिग्री कॉलेज की स्थापना से छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। अब इस संबंध में अंतिम निर्णय उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लिया जाएगा। विभागीय स्वीकृति मिलने के बाद कॉलेज संचालन की दिशा में आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।









# नालंदा के 1800 बूथों पर सुना गया मोदी का मन की बात





संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण का प्रसारण रविवार को नालंदा जिले के 1800 से अधिक बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों ने सामूहिक रूप से सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि इस बार कार्यक्रम को लेकर जिलेभर में विशेष उत्साह देखने को मिला।

उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा बिहार के प्रसिद्ध सत्तू और जर्दालू आम का उल्लेख किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बिहार के किसानों और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी से बचाव के उपायों के साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले लोगों की भी चर्चा की।

जिलाध्यक्ष राजेश कुमार स्वयं नालंदा विधानसभा क्षेत्र के एक बूथ पर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों से सीधे संवाद स्थापित करते हैं तथा समाज में सकारात्मक कार्य करने वालों को प्रेरणा का स्रोत बनाते हैं।

बिहारशरीफ के बबुरबन्ना मोहल्ला स्थित बूथ संख्या 156 पर जिला मंत्री अमरेश कुमार ने नगर अध्यक्ष संदीप कुमार, शक्ति केंद्र प्रमुख सुनील कुमार, बूथ अध्यक्ष राजदीप कुमार, सुरेन्द्र शर्मा, शारदानंद मिश्रा और राजकमल पासवान के साथ कार्यक्रम सुना। अमरेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन अभिभावक की तरह प्रेरणा देने वाला होता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार, सुधीर कुमार, तेजस्विता राधा, साबो देवी, नीरज कुमार डब्ल्यू, शिवशंकर दास, जिला मंत्री अमरेश कुमार, योगेंद्र मंडल, रंजू कुमारी, राजू माहुरी, कंचन चंद्रवंशी, आईटी सेल संयोजक अमित शान, सोनू कुमार हिंदू सहित जिले के सभी मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रमुखों, बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# मलमास मेला से जुड़े फर्जी एआई वीडियो पर पुलिस सख्त

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा पुलिस ने राजकीय मलमास मेला, राजगीर-2026 से संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे फर्जी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) जनित वीडियो को गंभीरता से लिया है। पुलिस के अनुसार कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा मेले से जुड़े भ्रामक और फर्जी वीडियो बनाकर विभिन्न प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के फर्जी और भ्रामक वीडियो का निर्माण एवं प्रसारण दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले में नालंदा साइबर थाना में कांड संख्या 146/26 दिनांक 31 मई 2026 को दर्ज कर लिया गया है। साइबर पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा वीडियो अपलोड करने वाले व्यक्तियों एवं संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स की पहचान की जा रही है।नालंदा पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी वीडियो या सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य कर लें। साथ ही किसी भी भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा फर्जी सामग्री को प्रसारित करने से बचें।

पुलिस ने चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर अफवाह फैलाने, गलत सूचना प्रसारित करने या किसी आयोजन की छवि धूमिल करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## धरनी धाम गांव से 55 वर्षीय बुजुर्ग लापता, परिजनों ने लगाई खोज की गुहार

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन प्रखंड के खैरा मखदुमपुर पंचायत अंतर्गत धरनी धाम गांव निवासी 55 वर्षीय अनिल कुमार रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। वह स्वर्गीय जागेश्वर प्रसाद के पुत्र हैं। परिजनों के अनुसार अनिल कुमार किसी कार्य से घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे।

परिवार के सदस्यों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। काफी प्रयास के बाद भी पता नहीं चलने पर परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए बेन थाना को सूचना दी है और उन्हें खोजने में सहयोग की अपील की है।

परिजनों ने बताया कि लापता अनिल कुमार नीले रंग की शर्ट और काले रंग की पैंट पहने हुए हैं। वह बोलने में असमर्थ हैं तथा उनकी मानसिक स्थिति भी सामान्य नहीं बताई जा रही है। ऐसे में परिवार उनकी सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित है।परिजनों ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को अनिल कुमार के संबंध में कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें तो तत्काल उनके परिवार या निकटतम पुलिस थाना को सूचित करें, ताकि उन्हें सुरक्षित घर वापस लाया जा सके।










## राजगीर मलमास मेला 2026 : आस्था, रोमांच और मनोरंजन का अद्भुत संगम, दिल्ली से पहुंचे समाजसेवी विजय प्रधान ने लिया मेले का आनंद

संजय वर्मा

राजगीर (अपना नालंदा)। नालंदा जिले की ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी राजगीर में आयोजित मलमास मेला 2026 इन दिनों श्रद्धालुओं, पर्यटकों और मनोरंजन प्रेमियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। प्रत्येक तीन वर्ष पर लगने वाला यह विश्वप्रसिद्ध मेला धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और मनोरंजन का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक प्रतिदिन मेले में पहुंच रहे हैं और इसकी भव्यता का आनंद ले रहे हैं।

इस वर्ष मेले का शुभारंभ 17 मई 2026 को हुआ। तब से लेकर अब तक मेले में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की लगातार भीड़ उमड़ रही है। दिन में धार्मिक अनुष्ठान, स्नान और पूजा-पाठ का माहौल रहता है, जबकि शाम होते ही पूरा मेला रंग-बिरंगी रोशनी और चहल-पहल से जगमगा उठता है। मेले का हर कोना उत्साह और उल्लास से भरा नजर आता है।

इसी क्रम में दिल्ली से स्वतंत्र विचारक एवं समाजसेवी विजय प्रधान अपने परिवार के साथ राजगीर मलमास मेला देखने पहुंचे। उन्होंने बताया कि वर्षों से इस ऐतिहासिक मेले को देखने की इच्छा थी, जो इस बार पूरी हुई। परिवार के साथ मेले का भ्रमण कर उन्होंने धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण का भरपूर आनंद लिया।विजय प्रधान ने कहा कि राजगीर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान पूरे देश में प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि राजगीर के समाजसेवी मुन्ना लाल उनके साढ़ू हैं तथा उनकी पत्नी नूतन देवी जिला परिषद प्रतिनिधि



हैं। उनके सहयोग और मार्गदर्शन में पूरे परिवार को मेले की विभिन्न गतिविधियों को करीब से देखने का अवसर मिला। उन्होंने मेले की व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा प्रबंध की भी सराहना की।मेले में लगे विभिन्न मनोरंजन केंद्र लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। विशाल झूले, सर्कस, जादूघर, थिएटर और विशेष रूप से मौत का कुआं दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मौत का कुआं में बाइक और कार चालकों के हैरतअंगेज करतब लोगों को रोमांचित कर रहे हैं। वहीं जादूघर में जादूगरों के अद्भुत प्रदर्शन बच्चों और बड़ों को समान रूप से प्रभावित कर रहे हैं।थिएटर में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, संगीत और रंगारंग प्रस्तुतियों को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं। स्थानीय और बाहर से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। इसके अलावा मेले में लगी खिलौनों की दुकानें, हस्तशिल्प सामग्री, पारंपरिक व्यंजन और विभिन्न खानपान स्टॉल भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल और स्वयंसेवक लगातार मेले की व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हैं।

## बेलूर मठ की अंतरराष्ट्रीय विचार सभा में गूंजा वैशाली का गौरव, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. शशि भूषण ने दिया आमंत्रण

कोलकाता (अपना नालंदा)। रामकृष्ण मिशन बेलूर मठ में रविवार को सार्क जर्नलिस्ट फोरम इंडिया चैप्टर के तत्वावधान में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विचार सभा एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में भारत सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पत्रकारों, शिक्षाविदों और सामाजिक चिंतकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पत्रकारिता, आध्यात्मिकता और मानवीय मूल्यों के बीच समन्वय स्थापित करना था।


विचार सभा को संबोधित करते हुए रामकृष्ण मिशन के स्वामी जी ने स्वामी विवेकानंद और उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस के जीवन, दर्शन और आध्यात्मिक विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और विचारों पर रामकृष्ण परमहंस की गहरी छाप थी। गुरु से प्राप्त अद्वैत वेदांत, मानव सेवा और सार्वभौमिक प्रेम के संदेश को विवेकानंद ने पूरी दुनिया तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा, आत्म-साक्षात्कार और आध्यात्मिक जागरण ही रामकृष्ण परमहंस एवं स्वामी विवेकानंद के विचारों का मूल सार है, जो आज भी समाज को दिशा प्रदान कर रहा है।कार्यक्रम के दौरान मिशन की ओर से उपस्थित पत्रकार प्रतिनिधियों को रामकृष्ण परमहंस एवं स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर आधारित कई महत्वपूर्ण पुस्तकें एवं ग्रंथ भेंट किए गए। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर अस्मिता मिश्रा



और डॉ. सुधांशु अनिरुद्ध ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा समाज निर्माण में सकारात्मक पत्रकारिता की भूमिका पर प्रकाश डाला।

बिहार से मानवाधिकार पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ पत्रकार एवं 'मानवाधिकार टुडे' के संपादक डॉ. शशि भूषण कुमार ने कार्यक्रम में विशेष भागीदारी निभाई। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अपने द्वारा लिखित विशेष आलेख मिशन के स्वामी जी को भेंट किया। साथ ही उन्होंने बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर वैशाली का उल्लेख करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की प्रथम धरती, भगवान बुद्ध की कर्मभूमि, आम्रपाली की रंगभूमि और भगवान महावीर की जन्मस्थली रही है।

डॉ. शशि भूषण कुमार ने स्वामी जी को अगले वर्ष वैशाली में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि वैशाली की ऐतिहासिक विरासत और आध्यात्मिक परंपरा विश्व समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। स्वामी जी ने उनके आमंत्रण का स्वागत करते हुए भविष्य में वैशाली आने की इच्छा व्यक्त की।






# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश




पटना (अपना नालंदा)। लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में आयोजित समाज कल्याण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और समयबद्ध निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के कमजोर, गरीब और वंचित वर्गों तक पूरी तरह पहुंचना चाहिए।

बैठक में समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव एच.आर. श्रीनिवास ने समेकित बाल विकास सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, समाज कल्याण निदेशालय तथा महिला एवं बाल विकास निगम की विभिन्न योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि प्रत्येक माह की 10 तारीख तक लाभार्थियों के खातों में हर हाल में पहुंच जाए तथा इसमें किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की सेवाओं की तकनीकी माध्यम से निगरानी बढ़ाने, सेविका-सहायिकाओं एवं बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा केंद्रों के नियमित संचालन पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि बच्चों में कुपोषण, ठिगनापन और कमजोरी की समस्या को कम करना सरकार की प्राथमिकता है। परवरिश योजना सहित अन्य सामाजिक योजनाओं का दायरा बढ़ाकर अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाए। साथ ही विभाग में रिक्त पदों को शीघ्र भरने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को मजबूत बनाने के लिए सामाजिक दायित्व निधि (सीएसआर) के सहयोग की संभावनाएं तलाशने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याण के कार्य पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किए जाएं, ताकि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

# जनसुनवाई में मंत्रियों ने सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश



पटना (अपना नालंदा)। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश कार्यालय, पटना में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह एवं सुनील कुमार ने विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। दोनों मंत्रियों ने मामलों के त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि बिहार में पिछले 21 वर्षों से एनडीए सरकार ने बिना किसी प्रतिशोध या द्वेष की भावना के कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकारी आवासों से संबंधित सभी निर्णय नियमों और कानून के अनुसार लिए गए हैं तथा सभी जनप्रतिनिधियों को नियमों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी आवास किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं हो सकता और सरकार निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि कुछ आवासों के पुनर्विन्यास और आवंटन संबंधी निर्णय प्रशासनिक आवश्यकता एवं जनहित को ध्यान में रखकर लिए गए हैं। साथ ही संबंधित जनप्रतिनिधियों को नियमानुसार आवास उपलब्ध कराए गए हैं।वहीं मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री Nitish Kumar की अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने खाड़ी देशों में उत्पन्न संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका असर पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और परिवहन लागत पर पड़ रहा है।

# ईंधन बचत के संदेश संग पटना में निकली जागरूकता साइकिल यात्रा




पटना (अपना नालंदा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन संरक्षण और ऊर्जा बचत की अपील को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राजधानी पटना में "ईंधन बचाओ जन-जागरण यात्रा" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था मृदुराज फाउंडेशन के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं भाजपा नेता राजीव रंजन के आह्वान पर आयोजित हुआ। सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ताओं और सदस्यों ने साइकिल यात्रा में भाग लेकर ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दीघा विधायक एवं सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक Sanjeev Chaurasia ने कहा कि ईंधन संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, i Azad ने ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की आवश्यकता बताई।संस्था के संस्थापक राजीव रंजन ने कहा कि ईंधन की बचत देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने लोगों से दैनिक जीवन में ईंधन बचत की आदत अपनाने की अपील की।

साइकिल यात्रा महावीर मंदिर परिसर से शुरू होकर जीपीओ गोलंबर होते हुए डाकबंगला चौराहा तक पहुंची। इस दौरान लोगों को छोटी दूरी के लिए साइकिल या पैदल चलने तथा निजी वाहनों के अनावश्यक उपयोग से बचने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


# सरकारी बसों के बाद निजी बस किराये में होगी बढ़ोतरी जल्द




पटना(अपना नालंदा)। बिहार में सरकारी बसों के किराये में वृद्धि के बाद अब निजी बसों का किराया भी 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। बिहार मोटर ट्रांसपोर्ट फेडरेशन ने घोषणा की है कि 10 जून तक सभी जिला कमेटियां अपनी कार्यकारिणी बैठकों में दूरी के अनुसार किराया वृद्धि पर निर्णय लेंगी।

रविवार को बैरिया बस स्टैंड में फेडरेशन के अध्यक्ष उदय शंकर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह फैसला लिया गया। फेडरेशन ने बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा एक जून से लागू किए गए बढ़े हुए किराये का स्वागत करते हुए कहा कि पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की लगातार बढ़ती कीमतों को देखते हुए किराया बढ़ाना आवश्यक हो गया है।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सरकार के फैसले के अनुरूप मालवाहक वाहनों के भाड़े में भी वृद्धि की जाएगी। वहीं ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा और मोटर कैब यूनियनों की जिला कमेटियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बैठक कर किराया वृद्धि संबंधी प्रस्ताव तैयार कर फेडरेशन को भेजने का निर्देश दिया गया है।फेडरेशन ने सरकार से मांग की कि जिन व्यावसायिक वाहनों का टैक्स, फिटनेस या परमिट समय पर नवीनीकृत नहीं हो सका है, उन पर लगाए गए जुर्माने को माफ किया जाए ताकि वाहन संचालकों को राहत मिल सके।किराये में संभावित वृद्धि का सीधा असर आम यात्रियों, दैनिक यात्रियों और छोटे व्यवसायियों पर पड़ेगा। साथ ही माल ढुलाई महंगी होने से बाजार में वस्तुओं की कीमतों पर भी प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# जहानाबाद में सैनिक कल्याण कार्यालय खुला, पूर्व सैनिकों को मिलेगी सुविधा



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का उद्घाटन जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और उनके आश्रितों ने देश की सुरक्षा एवं सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिले में सैनिक कल्याण कार्यालय के संचालन से उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ एक ही स्थान पर आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के स्थायी भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस पर जिलाधिकारी ने सदर अंचल अधिकारी को उपयुक्त भूमि शीघ्र चिन्हित कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी विंग कमांडर संदीप कुमार (सेवानिवृत्त) ने उपस्थित पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और उनके आश्रितों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। पूर्व सैनिकों ने कार्यालय के नियमित संचालन शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे सैनिक समुदाय के लिए सराहनीय पहल बताया।यह कार्यालय जहानाबाद एवं अरवल जिले के भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं तथा उनके आश्रितों को सेवाएं प्रदान करेगा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और उनके परिजन उपस्थित रहे।

# जहानाबाद में विकास योजनाओं और बाढ़-सुखाड़ तैयारी की समीक्षा, प्रभारी मंत्री ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री सह जहानाबाद जिला प्रभारी मंत्री एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष मोहम्मद जमा खान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय, विधान पार्षद अनिल कुमार, जहानाबाद विधायक राहुल कुमार, घोषी विधायक रितुराज कुमार एवं मखदुमपुर विधायक सुबेदार दास की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

बैठक में पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों एवं प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अनुपालन एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।इस दौरान स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, लघु सिंचाई, पंचायती राज, विद्युत, शिक्षा, भवन निर्माण, ग्रामीण कार्य, पथ निर्माण, आपूर्ति, नगर परिषद, मनरेगा , स्वच्छता एवं आवास योजना सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ 2026 को लेकर की गई तैयारियों का भी आकलन किया गया।प्रभारी मंत्री मोहम्मद जमा खान ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत एवं बचाव कार्यों से जुड़े सभी संसाधन अद्यतन रखें, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें तथा पेयजल और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई और आमजनों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।बैठक के अंत में सभी विभागों को समिति सदस्यों द्वारा उठाई गई शिकायतों एवं सुझावों का 10 दिनों के भीतर निष्पादन कर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं समिति सदस्य मौजूद रहे।

# जनता दरबार में 26 शिकायतों की सुनवाई, त्वरित समाधान के निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। "सबका सम्मान, जीवन आसान" संकल्प के तहत जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने स्वयं 10 आवेदनों की सुनवाई की, जबकि अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने सभा कक्ष में 16 मामलों की सुनवाई की। इस प्रकार कुल 26 आवेदनों पर सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जनता दरबार में शिक्षा विभाग से संबंधित 4 मामले, अतिक्रमण वाद से जुड़े 6 मामले, जिला परिषद से संबंधित 1 मामला, विद्युत विपत्र से जुड़ा 1 मामला, भू-अर्जन भुगतान से संबंधित 1 मामला तथा विद्युत, जलजमाव एवं अन्य जनसमस्याओं से जुड़े कई आवेदन प्राप्त हुए। फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं, जिनकी गंभीरतापूर्वक सुनवाई की गई।भूमि विवाद एवं अतिक्रमण से संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जनता दरबार के दौरान अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी विभिन्न शिकायतों की सुनवाई कर संबंधित विभागों को शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच विनय कुमार सिंह, सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग विजेता रंजन सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डोहरा पहुंचे नलिन के शव से गांव में मचा कोहराम



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। प्रखंड के डोहरा गांव निवासी बीटेक छात्र नलिन कुमार का शव सोमवार को दिल्ली से एंबुलेंस द्वारा गांव पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। पार्थिव शरीर के गांव पहुंचते ही परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया और अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

मृतक नलिन कुमार डोहरा पंचायत की उपमुखिया नीलम देवी एवं पूर्व उपमुखिया संजय कुमार के 26 वर्षीय पुत्र थे। बताया गया कि नलिन ने बीटेक की पढ़ाई पूरी कर ली थी और जल्द ही नौकरी शुरू करने की तैयारी में था। वह नई दिल्ली में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

स्वजनों के अनुसार 30 मई 2026 की शाम वहनई दिल्ली के साकेत स्थित सैदुलअजाईब इलाके में एक पांच मंजिला इमारत में भोजन करने गया था। उसी रात इमारत गिर गई, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

सोमवार दोपहर शव गांव पहुंचने पर मां नीलम देवी, पिता संजय कुमार, बहन राखी कुमारी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। चाचा सूबेदार धन्नजय कुमार, रवि राय, राकेश कुमार, इंजीनियर सुरेंद्र यादव, मनोज यादव, दीपु यादव और दिलीप साव समेत परिजन एवं ग्रामीण शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाने में जुटे रहे।

बाद में गांव स्थित पंचाने नदी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़े भाई सचिन कुमार ने नम आंखों से मुखाग्नि दी। गांव के होनहार युवक की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# 20 सूत्री बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को निर्देश



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के मंत्री सह नवादा जिला प्रभारी एवं जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20-सूत्री) के अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20-सूत्री) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक की शुरुआत जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा प्रभारी मंत्री को पौधा भेंट कर स्वागत के साथ हुई। इसके बाद डीआरडीए निदेशक ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं और उनकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। समीक्षा के दौरान कृषि विभाग की ओर से किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 236 छापेमारी कर अनियमितताओं पर कार्रवाई की गई है।

श्रम विभाग की समीक्षा में दुर्घटना अनुदान योजना समेत विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सभी आवेदनों का नियमानुसार सत्यापन कर पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वहीं लघु सिंचाई विभाग ने आहर-पईन एवं सिंचाई योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बेलधा आहर-पईन योजना के जीर्णोद्धार कार्य की जानकारी दी।

बैठक में वारिसलीगंज प्रखंड के कोचगांव न्य विकास कार्यों से जुड़े कई मुद्दे उठाए। हिसुआ



पंचायत स्थित पुरानी पोखर में नल-जल योजना से उत्पन्न जलजमाव की समस्या पर भी चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि स्थायी समाधान के लिए तकनीकी स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों और 20 सूत्री समिति के सदस्यों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सिंचाई, आधारभूत संरचना और अ

विधायक ने किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया, जबकि जिला परिषद अध्यक्षा ने प्रजातंत्र चौक स्थित पुराने भवनों में संचालित दुकानों के जीर्णोद्धार की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने योजनाओं के समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का गंभीरता से समाधान करने का निर्देश दिया।

बैठक में 20 सूत्री समिति के उपाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, अनिल मेहता, नवादा, गोविंदपुर, वारिसलीगंज, हिसुआ और रजौली के जनप्रतिनिधियों, विधान पार्षद, जिला परिषद अध्यक्षा तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अपर समाहर्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# हिसुआ में 20 सूत्री जिला प्रभारी का हुआ भव्य स्वागत



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। नवादा में आयोजित 20 सूत्री कार्यक्रम की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने जा रहे 20 सूत्री कार्यक्रम के जिला प्रभारी एवं मंत्री संतोष कुमार सुमन का हिसुआ में भव्य स्वागत किया गया। हिसुआ स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

मंत्री के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने मंत्री के नेतृत्व, जनसरोकारों और विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।

हिसुआ 20 सूत्री सदस्य एवं भाजपा जिला कार्यक्रम समिति सदस्य पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि मंत्री के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह था। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति संगठन की मजबूती, सक्रियता और एकजुटता का प्रमाण है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि 20 सूत्री कार्यक्रम सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके तहत विभिन्न विकास योजनाओं की नियमित समीक्षा और निगरानी की जाती है, जिससे पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

स्वागत समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# गोंदापुर आवासीय विद्यालय पहुंचे प्रभारी मंत्री, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री सह नवादा जिला प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, गोंदापुर का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने विद्यालय के शैक्षणिक भवन का अवलोकन किया तथा कक्षाओं में उपलब्ध संसाधनों, विद्यार्थियों की उपस्थिति और पठन-पाठन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, दैनिक दिनचर्या और विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

इसके बाद उन्होंने छात्रावास का निरीक्षण कर रहने की व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए ताकि उनकी शिक्षा और सर्वांगीण विकास में कोई बाधा न आए।

प्रभारी मंत्री ने विद्यालय के मेस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, भोजन सूची, रसोईघर की स्वच्छता तथा खाद्य सामग्री के भंडारण की व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, नवादा सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जीविका के डीपीएम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने सभी अधिकारियों को विद्यालय की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया।

# ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में युवक गंभीर रूप से घायल

संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर चोंगवा मोड़ के समीप रविवार देर शाम ट्रैक्टर और बाइक की सीधी टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बरियारपुर गांव निवासी महेंद्र यादव के पुत्र नवीन कुमार के रूप में की गई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना काफी भीषण थी। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कौआकोल थाना की गश्ती टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल अपने वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल पहुंचाया।पीएचसी में चिकित्सकों ने युवक का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि दुर्घटना में युवक के पैर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO WOOD TECHNOLOGY
No Wood
100% Waterproof uPVC
Termite Proof
Low Maintenance
10 YEAR WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer